आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

–::कार्यालय आदेश::–

लोकहित एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी न्यायालय कार्य यथा– राजस्व वाद, सेवा अपील वाद, आर्म्स अपील वाद, विभागीय कार्यवाही तथा आर्बिट्रेशन वाद आदि से संबंधित वादों की सूची (Cause List) दिनांक–01.01.2023 से पारित अंतिम आदेश व निर्णय (Judgment/Order) को प्रमंडलीय वेबसाईट (https://purneadivision.bih.nic.in) पर प्रदर्शित किया जाना है ताकि आमजन को यह सुलभ हो सके।

न्यायालय कार्य से संबंधित सहायक/कर्मी का यह दायित्व होगा कि वे प्रत्येक न्यायालय तिथि से संबंधित वाद सूची एवं दिनांक–01.01.2023 से अंतिम पारित आदेश/निर्णय की सॉफ्ट कॉपी (Word File) ससमय प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा आई0टी0 मैनेजर द्वारा इसकी वेब कॉपी पी0डी0एफ0 में तैयार कर प्रमंडलीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/–
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक–1600 दिनांक–18/04/23

प्रतिलिपिः– सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आयुक्त न्यायालय से संबंधित सहायक/लिपिक एवं आई0टी0 प्रबंधक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– The Secretary Bar Association/GP/PP/SPl. PP, Purnea/ Katihar/ Araria/ Kishanganj and NHAI, Purnea for Informration and necessary action.

18/4
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।